राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 30 03 2021 (जनवरी से मार्च 2021) को आयोजित बैठक का कार्यवृत

राष्ट्रीय भार प्रेषण केंद्र कार्यालय मे दिनांक 30 मार्च, 2021 को प्रातः 11 बजे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक श्री के वी एस बाबा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित की गई जिसमे राष्ट्रीय भार प्रेषण केन्द्र के निम्नलिखित अधिकारियों ने भाग लिया ।

<u>राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य</u>

श्री के वी एस बाबा, अध्यक्ष
श्री एस आर नर सिम्हन, सदस्य
श्री एस एस बड्पंड़ा, सदस्य
श्री देबाशिस दे, सदस्य
श्री जी चक्रबोर्ती सदस्य
श्री देवेंद्र कुमार, सदस्य
श्री समीर चन्द्र सक्सेना, सदस्य
श्री अनिल मेहता, प्रबन्धक (राजभाषा)

प्रबन्धक (राजभाषा) ने सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया | अध्यक्ष महोदय ने गत बैठक की समीक्षा की और गत तिमाही की समीक्षा करने के उपरांत सभी विभागों को राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने और अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने के लिए प्रोत्साहित किया : -

1.0 अध्यक्ष महोदय ने वार्षिक लक्ष्यों में इस वर्ष कमी को सभी के संज्ञान में लाते हुए सभी विभागाध्यक्षों से राजभाषा हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने के लिए आग्रह किया।

2.0 पोसोको द्वारा जारी सभी रिपोर्ट द्विभाषी रूप में करने पर अध्यक्ष महोदय ने आग्रह किया व सभी विभागाध्यक्षों से आग्रह किया गया कि उनके विभाग में अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिन्दी में किया जाए ।

3.0 मानव संसाधन विभाग द्वारा जारी सभी परिपत्र व कार्यालय आदेश द्विभाषी रूप में जारी हों।

4.0 मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा जारी सभी परिपत्र, कार्यालय आदेश, प्रशिक्षण सामाग्री द्विभाषी रूप में जारी हों।

5.0 वित्त विभाग से जारी होने वाली रिपोर्ट व टेक्स स्लिप द्विभाषी रूप में जारी हो व वित्त विभाग में जमा करने वाले सभी दावों को हिन्दी में ही भरे जाने के बाद स्वीकृत दी जाए |

अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)
प्रबन्धक (राजभाषा)
दिनांक 30 मार्च 2021

अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है |

कार्यपालक निदेशक(रा भा प्रे के) देबाशिस